भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 374
उत्तर देने की तारीख 04 फरवरी, 2022

जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर डाक टिकट

374 # श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर डाक टिकट जारी किया गया था;

(ख) क्या यह भी सही है कि वर्तमान में यह टिकट उपलब्ध नहीं है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर जारी की गई टिकट को पुन: जारी करने का विचार रखती है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) जी, हां।

(ख) संगत विषय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, 6 माह की अवधि के बाद फिलैटली ब्यूरो में बिक्री के लिए शेष स्मारक डाक-टिकटों को, डाकघरों में नियत श्रृंखला के डाक-टिकटों के साथ विक्रय के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है। जननायक कर्पूरी ठाकुर पर वर्ष 2016 में जारी स्मारक डाक-टिकट, सीमित संख्या में दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश डाक सर्कल में उपलब्ध है।

(ग) मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्मारक डाक-टिकट को पुन: जारी किए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है।

*****